


# कार्यकर्ता सत्ता, सरकार और संगठन की धुरी : डॉ .यादव

## नागौद में कार्यकर्ता सम्मेलन, कार्यकर्ताओं के सम्मान ने जीता दिल

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 19 नवम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कार्यकर्त्ता सत्ता एवं संगठन की धुरी है.कार्यकर्ता के बिना सरकार चलाना संभव नहीं। कार्यकर्ता ही सरकार रूपी वाहन का वास्तविक चालक है।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बुधवार को नागौद ब्लॉक में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे.उन्होंने ने बिहार चुनाव में मिली विजय पर सभी को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल में प्रति व्यक्ति आय और वर्तमान आय की तुलना करते हुए बताया कि अब की स्थिति किसी से छिपी नही है सभी क्षेत्रों में विकास को गति दी जा रही है।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने चित्रकूट में भगवान रामलोक के भव्य विकास का संकल्प भी दोहराया।

सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के सम्मान में पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक मंच से नीचे बैठे हुए थे.पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वी. डी. शर्मा, विधायक नागेंद्र सिंह,रामपुर विधायक विक्रम सिंह विकी और महापौर योगेश ताम्रकार पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेलसहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मंच के नीचे बैठे, जबकि मंच पर मुख्यमंत्री तथा मंडल अध्यक्षों को स्थान दिया गया। इससे संगठन में कार्यकर्ताङ्कप्रथम की भावना खुलकर दिखाई दी। कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री कई बार ठहाकों में शामिल हुए।

### परिवार को सहायता का आश्वासन

पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश के बालाघाट में हॉकफोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस दौरान सब-इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हुए। सीएम ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद के छोटे भाई को नौकरी दी जाएगी और शासन के नियमानुसार परिवार को सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### समस्याओं के निराकरण का आश्वासन

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं की बात ध्यान से सुनी और समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। पूरा कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ संवाद पर केंद्रित रहा, जिसकी सीएम ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेशभर में किए जाएंगे।सम्मेलन से कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार साफ देखने को मिला।

### मुख्यमंत्री ने देखा किसान सम्मान निधि का कार्यक्रम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयबतूर से देश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के तहत 18 हजार करोड रूपये की सम्मान राशि का हस्तांतरण किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सतना जिले के एक लाख 57 हजार 116 किसान लाभांवित हो रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सतना जिले के नागौद में अपने प्रवास के दौरान बरकोनिया मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को सुना।

# जमीन विवाद में चला फरसा और डंडे

## एक ही परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष, गढ़ थाना क्षेत्र के लौरी गांव की घटना

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 19 नवम्बर, जमीनी विवाद में एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ है. यहां खेत की जमीन को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और उनके बीच फरसा और डंडे से एक दूसरे पर हमला किया गया. मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से आधा दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें फिलहाल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया है.**

घटना जिले के गढ़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम लौरी की है, जहां रहने वाले एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष की यह घटना हुई है. जानकारी के मुताबिक लौरी गांव में रहने वाले सृजन सिंह और जबर सिंह के परिवार के बीच जमीनी विवाद चल रहा था. आज सुबह सृजन सिंह सहित उसके परिवार के लोग खेत में धान काटने पहुंचे थे, तभी जबर सिंह अपने परिवार के साथ मौके पर जा पहुंचे, जहां खेत में धान काटने का विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई है. बता दिया कि यहां दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर फरसा और डंडे से जानलेवा हमला किया है. घटनास्थल से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी सामने आई है, जिसमें घायल खून से लथपथ हालत में खेत में पड़े हुए नजर आ रहे हैं. फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही गढ़ थाना प्रभारी अवनीश पांडे मौके पर पहुंचे और घायलों को डायल 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया है. थाना प्रभारी की माने तो लौरी गांव में जमीन को लेकर उससे विवाद में एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच मारपीट किया घटना हुई है. थाना प्रभारी के मुताबिक दोनों पक्षों से तीन-तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें फिलहाल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है.

### कार और बोलेरो की टक्कर के बाद मारपीट

रीवा में बीती रात कार और बोलेरो के बीच हुई टक्कर के बाद हुये विवाद में जमकर मारपीट हुई. कार सवारों ने बोलेरों सवार दो भाइयों सहित भतीजे पर हॉकी और डंडे से हमला कर दिया. मारपीट में एक युवक के सिर पर गंभीर चोटे आई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार सवारों को पकड़ लिया है जबकि घायल का उपचार अस्पताल में कराया है. दरअसल घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात बौर मोड़ में हुई. घटना के संबंध में घायल युवक ग्राम बरौ निवासी संजय पटेल ने जानकारी देते हुये बताया कि बीती रात वह अपने भाई और भतीजे के साथ बोलेरों लेकर एक शादी समारोह में गया था. रात तकरीबन साढे ग्यारह बजे जब वह वापस लौट रहे थे तभी बरौ मोड़ पर ही रीवा की ओर आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बोलेरों को टक्कर मार दी. बताया गया कि सड़क हादसे की इस घटना के बाद बोलेरों सवार और कार सवारों के बीच हुई नोंकझोक होने लगी तभी कार सवारों ने हॉकी डंडे से उनके उपर हमला कर दिया, जिस दौरान संजय पटेल सहित उसके भाई और भतीजे को चोटे आई है. पुलिस नें फिलहाल कार सहित कार सवारों को पकड़ लिया है तो वहीं घायलों का उपचार अस्पताल में कराया जा रहा है.

# महापौर ने नए फ्लाईओव्हर का प्रस्ताव भेजा

## संतोषी माता मंदिर से सिविल लाइंस तक बनेगा

**नवभारत न्यूज**
**सतना, 19 नवम्बर. महापौर नगर पालिक निगम योगेश ताम्रकार की दूरदर्शिता एवं जनहित के प्रति समर्पण का परिणाम शहर को एक महत्वपूर्ण सौगात के रूप में मिलने जा रहा है।**




शहर में बढते यातायात दबाव और दुर्घटनाओं की बढती संख्या को देखते हुए संतोषी माता मंदिर से सिविल लाइन मुख्त्यारगंज तक नवीन फ्लाईओवर (आर.ओ. बी.) निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। महापौर द्वारा लगातार विभागीय मंत्री एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से पत्राचार और बैठकों में विषय को प्रमुखता से रखने के प्रयास सफल रहे। लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रीवा द्वारा संतोषी माता मंदिर से मुख्त्यारगंज बिरला रोड तक आर.ओ.बी. निर्माण का प्राक्कलन तैयार कर मुख्य अभियंता, सेतु परिक्षेत्र भोपाल को स्वीकृति हेतु भेज दिया गया है।प्रस्तावित फ्लाईओवर के निर्माण से शहर में सुव्यवस्थित यातायात के साथ-साथ दुर्घटनाओं में कमी तथा सतना के विकास एवं सुंदरता में अभिवृद्धि होगी।

### खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**चितरंगी 19 नवम्बर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगदरा से चार खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ, जिसमें डॉजबॉल खेल यू-19 वर्ष बालिका में आशा देवी, प्रीती उपाध्याय, ज्योति सिंह का चयन हुआ है। वहीं यू-19 बालक वर्ग में सूरज कुमार बैस का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 1 से 5 दिसम्बर तक भानपुरा में भाग लेंगे।

# ननि अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ स्थापित सोलर लाइटों का किया अवलोकन

- विंध्याचल के सहयोग से सोलर स्ट्रीट लाइटें स्थापित

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 19 नवम्बर। नपानि के वार्ड क्रमांक 38 तुलसी ढोटी जमुआ, बलियरी में एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सतत् विकास के तहत सोलर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई। नई लाइटों के लगने से क्षेत्र में रात के समय आवागमन और सुरक्षा दोनों में सुधार होगा।**



स्थापना कार्यक्रम के दौरान ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, वार्ड पार्षद अनिल कुमार बैस, पूर्व पार्षद विजय बैस, राजेंद्र शाह, सुनील कुमार वर्मा, अवनीश कुमार दुबे सहित अन्य स्थानीयजन मौजूद रहे। वहीं शिक्षा केंद्र जमुआ, शिक्षा केंद्र, डीह बाबा, घमसान ठाकुर, भाजपा मुख्यालय, पार्षद कार्यालय, होलिका दहन, साईं कॉलेज के पास, बलिराम शाह के घर के पास, कृष्ण नाई के घर के पास, बाबूलाल शाह के घर के पास, रामबरन साकेत के घर के पास, हीरामणि साकेत के घर के पास, सुनील कुमार साकेत के घर के पास, पंडित राम अशोक शर्मा के घर के पास, गोरे लाल विश्वकर्मा के घर के पास, बुलू शाह के घर के पास, राजेश कुमार शाह के घर के पास, मो. अफजल खान के घर के पास, राजेंद्र शाह के घर के पास, धनपत पनिका के घर के पास, कार्य पूर्ण होने पर स्थानीय नागरिकों ने बताया कि सोलर लाइटों से वार्ड 38 तुलसी अब रात में भी उजाले से रोशन रहेगा। वहीं वार्ड पार्षद की वार्ड वासियों ने सोलर ऊर्जा लाइट लगाने को लेकर आभार व्यक्त किया।

### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आज रामनगर में

**सतना 19 नवम्बर.** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा 20 नवम्बर को मैहर जिले की तहसील रामनगर का भ्रमण करेंगे। जिसमें जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ के कल्याणार्थ जानकारी देने के लिये 20 नवम्बर को दोपहर 12 बजे तहसील रामनगर में उपस्थित रहेंगे।

# हनुमान मंदिर से राम-जानकी और कृष्ण भगवान की मूर्ति चोरी

- दान पेटी से पैसे भी गायब, डभौरा नगर परिषद स्थित बड़ी हनुमान मंदिर में हुई चोरी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 19 नवम्बर, रीवा में एक बार चोरों ने आस्था पर चोट पहुंचाते हुए भगवान के घर में ही धावा बोल दिया है. दरअसल चोरों ने मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है.**

यहां अज्ञात चोरों ने धातु से बनी तीन मूर्तियां पार कर दी, जिसमें राम जानकी सहित भगवान कृष्ण की मूर्ति शामिल है. इसके अलावा चोरों ने मंदिर में रखी दान पेटी पर भी हाथ साफ किया और नगदी रुपए भी पार कर दिए. घटना की जानकारी लोगों को आज सुबह हुई है, जिसकी खबर फैलते ही ना सिर्फ लोगों की भीड़ जमा हुई बल्कि आक्रोश भी देखने को मिला है. बता दे मंदिर चोरी का यह मामला जिले के डभौरा नगर परिषद स्थित बड़ी हनुमान मंदिर का है, जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने धातु से बनी भगवान की तीन मूर्तियां सहित दान पेटी से नगदी भी पार कर दिया है.

स्थानीय लोगों की माने तो मंदिर में चोरी की यह घटना पहली बार नहीं बल्कि इसके पूर्व में दो बार हो चुकी है. बताया गया कि कस्बे में स्थित इस मंदिर में राम जानकी की मूर्ति की स्थापना अयोध्या मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा के दिन की गई थी. बताया गया कि यह मंदिर क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है जहां हुई चोरी की इस घटना से अब लोगों में आक्रोश व्याप्त है और उनके द्वारा कार्रवाई की मांग की जा रही है. फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और घटना की जानकारी जुटाने के बाद अज्ञात चोरों की पता तलाश में जुट गई है.

# अमहा में ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत



**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 19 नवम्बर. जिले के मड़वास थाना अंतर्गत अमहा गांव में आज दोपहर करीब 12 बजे खेत की जुताई करने के दौरान ट्रैक्टर के अचानक बेकाबू होकर पलटने से 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई।**

हादसे की खबर फैलते ही लोगों की काफी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर मड़वास थाना प्रभारी भूपेश बैस भी पुलिस बल के साथ पहुंच गए और मर्ग विवेचना की कार्रवाई शुरू हुई। मिली जानकारी के अनुसार घटना के दौरान अमहिया सोंधिया निवासी गब्बूचंद उर्फ बाबूलाल साहू उम्र 30 वर्ष खेत की जुताई कर रहा था। उसी दौरान ट्रैक्टर के बेकाबू होकर पलटने से वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया और दम तोड़ दिया। तत्संबंध में थाना प्रभारी भूपेश बैस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह घटना दुर्घटना प्रतीत हो रही है। पंचनामा के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और मर्ग विवेचना की जा रही है।

हालमार्क ज्वेलरी
BIS 916
सोना, चांदी, हीरा, रत्न
श्री कृष्ण ज्वेलर्स
पता : पन्नी लाल चौक, सतना
Mob.- 9479866550

# समुचित प्रबंधन निगम का उद्देश्य : बैस

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 19 नवम्बर। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर शहरी क्षेत्र में स्थित शौचालयों के निरीक्षण के लिए पर्यवेक्षक दल का गठन किया जाकर कमियों को सुधारने के लिए अभियान का संचालन किया गया, जिसके बाद सुधार कार्य कराया गया।**

उपायुक्त आरपी बैस ने इस दौरान कहा कि शहरी क्षेत्र में संचालित समस्त शौचालयों का प्रबंधन एवं रख-रखाव के लिए निकाय द्वारा आवश्यक सभी प्रयास किया जाना पहली प्राथमिकता है और सभी शौचालयों को एस्पिरेशनल टॉयलेट की श्रेणी में लाना हमारा उद्देश्य है, जिसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। शहर के सभी नागरिकों से अपील है कि उक्त शौचालयों के समुचित संधारण और स्वच्छता में सहयोग अवश्य दें। वहीं पार्षद सीमा जायसवाल ने शहर में जनसुविधाओं के प्रति सकारात्मक भूमिका रखने और निरंतर इसके विकास और उन्नयन सहित नवाचारों के लिए निर्देशित किया।

# छात्रावास का निरीक्षण करने पहुंची जांच टीम

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 19 नवम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा जिले में संचालित छात्रावास में अध्यनरत छात्राओं को मीनू के आधार पर भोजन एवं उनके अध्ययन अध्यापन के समुचित प्रबंध के लिए जिला स्तर पर जिला अधिकारियों की टीम गठित कर छात्रावासों का निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन दिए जाने का निर्देश दिए गए थे।**



उक्त निर्देश के परिपालन में आधिकारियों द्वारा छात्रावासों का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली जा रही है, जिसमें छात्रावास की साफ-सफाई व्यवस्था, छात्रों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का समय पर लाभ प्रदान किया जा रहा है कि नहीं, छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कब किया गया, छात्र-छात्राओं को मेनू के आधार पर गुणवत्ता युक्त भोजन नाश्ता समय पर मिल रहा की नही, इसके अलावा भी अन्य बिंदुओं की सघन जांच कर दल द्वारा अपना निरीक्षण प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा। निश्चित कलेक्टर के इस पहल से छात्रावास में अध्यनरत छात्रों को जहां शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK**
**E-Tender Cell Department**
**E-Tender Notice No. 33 (2025-26)**

Nashik Municipal Corporation, Nashik (Pubilc Works Department) vide E-Tender Notice No.**33** (Year 2025-26) invites bids for Nine (9) number of works. The period of publication of the tender will be as follows.

| Works No. | Period of publication | Last Date of Submission |
|---|---|---|
| 1 | Date. 19/11/2025 to 09/12/2025 | Date. 9/12/2025 |
| 1 | Date. 19/11/2025 to 03/12/2025 | Date. 03/12/2025 |
| 7 | Date. 19/11/2025 to 26/11/2025 | Date. 26/11/2025 |

This tender notice will be displayed on the website www.mahatenders.gov.in.
**Note -** All further necessary notices/clarifications will be published on the online website.
जनसंपर्क/जा.क्र/३५४/२०२५
दि.१८/११/२०२५
गोदा प्रदुषण टाळा, भविष्य संभाळा.
**Sd/-**
**Executive Engineer**
**(Tender Cell)**
**Nashik Municipal Corporation.**

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने दी ससम्मान विदाई

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 19 नवम्बर. जिला पुलिस बल सीधी में अपनी उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करने वाले सहायक उपनिरीक्षक वीरबहादुर सिंह विशेष शाखा एवं प्रधान आरक्षक मुद्रीका प्रसाद पाण्डेय दोनों वर्ष 1983 में पुलिस विभाग में भर्ती होकर अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए।**



उनके सम्मान में दिनांक 18 नवम्बर 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार सीधी में एक गरिमामय एवं भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने दोनों सेवा-निवृत्त अधिकारियों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं पुलिस मोमेंटो भेंट कर ससम्मान विदाई दी। श्री कोरी ने उनकी दीर्घकालीन कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुकरणीय सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानजनक भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक विरेंद्र कुमरे, मुख्य लिपिक श्रीमती गिरजा तिवारी, स्टेनो अभिषेक अग्निहोत्री, रीडर दिनेश पाण्डेय, प्रभारी जीविशा फूलचंद्र बागरी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं सेवा-निवृत्त अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे।वक्ताओं ने दोनों अधिकारियों की समर्पण भावना, अनुशासन एवं दीर्घकालीन सेवा को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि उनका अनुभव सदैव विभाग के लिए मार्गदर्शक रहेगा।


डॉ.अभिषेक मिश्रा
BDS. MDS, FRS
ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ
समयः
सुबह 10 से शायं 07 बजे तक
12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव
मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक
बिरला हॉस्पिटल,सतना
पताः ओरामैक्स दंत चिकित्सालय
चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99